अमिअ मूरिमय चूरन चारू । समन सकल भव रूज परिवारू ।।
गुरू पद रज मृदु मंजुल अंजन । नयन अमिअ दृग दोष बिभंजन ।।
( मानस-भारत। राम कथा 923 - नई दिल्ली। मोरारी बापू )

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 78 | इंदौर, शनिवार 23 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. चुनाव आयोग: 'EVM को लेकर समझ नहीं आता EC का जुनून', कांग्रेस सांसद ने फिर की बैलट पेपर से चुनाव कराने की मांग
2. तमिलनाडु: 'सनातन पर बोलने के लिए एक बच्चे को बेवजह निशाना बनाया जा रहा है', उदयनिधि के बचाव में उतरे कमल हासन

# भोपाल-बैतूल समेत 16 जिलों में बारिश

## 2 दिन और ऐसा ही दौर, फिर घटेगी एक्टिविटी

DGR विशेष @ पुष्पेन्द्र पुष्प

भोपाल। दो मानसूनी सिस्टम एक्टिव होने से मध्यप्रदेश में बारिश का दौर जारी है। राजधानी भोपाल में शनिवार सुबह करीब 6 बजे तेज बारिश हुई। यहां बड़ा तालाब के फुल लेवल होने पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात 3 बजे भदभदा डैम के 2 गेट खोल दिए गए। 20 साल बाद ऐसा हुआ है, जब जुलाई-अगस्त की जगह सितंबर में भदभदा के गेट खोले गए। इससे पहले वर्ष 2003 ऐसा हुआ था। पिछले साल जुलाई में ही भदभदा डैम के गेट खुल गए थे। इससे पहले पिछले 24 घंटे में बैतूल, छतरपुर, शिवपुरी समेत 10 जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्का पानी गिरा। गुरुवार देर रात हुई बारिश से कई नदी-नाले उफान पर आ गए। भोपाल में एक होटल में 6 फीट तक पानी भर गया। यहां से 6 लोगों का रेस्क्यू किया गया। भोपाल-बैरसिया रोड करीब साढ़े 4 घंटे तक बंद रहा। वहीं, सीहोर जिले में पार्वती नदी उफान पर आ गई। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अगले दो दिन और बारिश का दौर रहेगा। इसके बाद एक्टिविटी घटेगी। हालांकि, सितंबर के आखिरी सप्ताह तक हल्की बारिश होती रहेगी।



### अगले 24 घंटे में कमजोर होगा सिस्टम

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि अभी भी साइकोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। वहीं, मानसून ट्रफ जैसलमेर, शिवपुरी होते हुए प्रदेश के उत्तरी हिस्सों से गुजर रही है। एक और ट्रफ लाइन पूर्वी मध्यप्रदेश से गुजर रही है। इससे पिछले 24 घंटे में प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई।अगले 24 घंटे में सिस्टम कमजोर होगा, लेकिन मानसून ट्रफ लाइन गुजरती रहेगी। दक्षिणी हिस्से में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। इसमें सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, डिंडोरी, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, रतलाम, देवास, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी और मंडला जिले शामिल हैं। बैतूल में तेज बारिश हो सकती है। इसके बाद बारिश की गतिविधियां घटने लगेंगी।

### भोपाल जिला रेड जोन से बाहर आया

गुरुवार तक प्रदेश के कुल 7 जिले- भोपाल, गुना, अशोकनगर, दमोह, सतना, रीवा और सीधी रेड जोन में शामिल थे। यहां 23त्न से 38त्न तक कम बारिश हुई थी। रात में भोपाल में करीब 3 इंच बारिश हो गई। शुक्रवार दिन में भी करीब दो इंच बारिश हो गई। इससे भोपाल जिला रेड जोन से बाहर निकल आया है। हालांकि, अभी भी यहां सामान्य से 19त्न बारिश कम हुई है। भोपाल में अब तक 29.83 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि 36.72 इंच बारिश होनी चाहिए थी। मध्यप्रदेश में शुक्रवार को बारिश का दौर जारी रहा। भोपाल में 9 घंटे में 1.70 इंच पानी बरस गया। खजुराहो में डेढ़ इंच, बैतूल में करीब 1 इंच बारिश हुई। शिवपुरी में 0.86 इंच बारिश दर्ज की गई। खंडवा, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, नरसिंहपुर, नौगांव और मलाजखंड में भी बारिश हुई। सीहोर में तेज बारिश से पार्वती नदी उफान पर आ गई।

### ◆ पश्चिमी हिस्से में बारिश ज्यादा

प्रदेश में अब तक औसत 36.27 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि 36.51 इंच होनी चाहिए थी। दोनों आंकड़ों में आधा इंच का अंतर भी नहीं है। प्रदेश में ओवरऑल बारिश ही कम है। पूर्वी हिस्से में 3त्न कम और पश्चिमी हिस्से में 3त्न अधिक बारिश हुई है। नरसिंहपुर में बारिश का आंकड़ा 50 इंच से अधिक है। यहां सबसे अधिक बारिश हुई है। इंदौर, उज्जैन, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, कटनी, रायसेन, छिंदवाड़ा, सिवनी, निवाड़ी, देवास, रतलाम, भिंड, श्योपुरकलां, हरदा, बैतूल और अनूपपुर जिले में सामान्य से अधिक बारिश हो चुकी है। टीकमगढ़, जबलपुर, मंडला, डिंडोरी, शिवपुरी, सागर, आगर-मालवा, मुरैना और शहडोल जिले में सामान्य से 90त्न से अधिक बारिश हो चुकी है।

### इन जिलों में कम बारिश

सतना, अशोकनगर, रीवा और सीधी जिलों में सबसे कम बारिश हुई है।

### कैसे रहेंगे अगले 24 घंटे

**भारी से अति भारी बारिश**: बैतूल जिले में।

**तेज बारिश**: सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, डिंडोरी, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, रतलाम, देवास, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी और मंडला जिलों में।

**हल्की बारिश**: भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, झाबुआ, धार, इंदौर, उज्जैन, शाजापुर, आगर-मालवा, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, बालाघाट, सागर, दमोह और छतरपुर जिलों में।

# एमपी गजब है! भैंस के खिलाफ थाने में दर्ज हुई एफआइआर

## पुलिस ने कर लिया गिरफ्तार; हैरान कर देगा मामला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल**। प्रदेश के शहडोल से एक अजीबो गरीब ममला सामने आया है। खबर है कि यहां एक भैस ने अपने मालिक पर ही मामला दर्ज करा दिया। हालांकि पुलिस ने इस मामले में पहले भैंस को गिरफ्तार किया था फिर भैंस उसके मालिक के हवाले कर दी। दरअसल, ये पूरा मामला एमपी के शहडोल जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र के ग्राम असवारी का है। जानकारी मिली है कि एक भैंस के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई। इसके बाद मृतक के परिवार के गुस्साए परिजनों ने उक्त भैंस के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवा दी।

### पड़ोसी पर किया था हमला, इलाज के दारान मौत

इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने उस भैस मालिक के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया। पुलिस ने भैस को जप्त कर मालिक के हवाले कर दिया है। बता दें कि जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र के ग्राम असवारी के रहने वाला शिवम सिंह गोंड जो अपने घर के पास खड़ा था, तभी पड़ोस में रहने वाले सोमे लाल सिंह अपने मवेशियों को घर (सार) से निकालकर जंगल की ओर चराने के लिए ले जा रहा था। तभी उनके भैंसे ने अचानक उन्हीं के पड़ोसी शिवम पर हमला कर दिया। इस हमले में शिवम को गंभीर चोट आई और वो घायल हो गया। इसके बाद शिवम को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां गंभीर रूप से घायल शिवम की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### पुलिस ने आईपीसी की धाराओं में किया मामला दर्ज

इस घटना से गुस्साए परिजनों ने मामले की शिकायत गोहपारू थाने में की। परिजनों की शिकायत पर शहडोल की गोहपारू पुलिस ने भैंस मालिक सोमे लाल सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 304अ, 289, 201 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया और भैंस को जप्त कर मालिक के हवाले कर दिया है। वहीं इस मामले में एडिशसनल एसपी शहडोल अंजुलता पटेल का कहना है कि एक व्यक्ति की पालतू भैंस के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिससे म्रतक के परिजनों की शिकायत पर भैंस मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# कार्यकर्ता महाकुंभ में इंदौर से 5 हजार से भी अधिक कार्यकर्ता भाग लेंगे

## प्रत्याशियों की दूसरी सूची 25 सितम्बर के बाद जारी होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नवम्बर माह में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस का एक एक वोट के लिए संघर्ष शुरू हो गया है। दोनों पार्टियों ने सरकार बनाने के लिए 150 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। दोनों की हाई पॉवर कमेटियां इसी लक्ष्य पर समीकरण बना रही है। अगले चार दिन भाजपा के किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं है, क्योंकि भोपाल के जंबूरी मैदान में 25 सितम्बर को आशीर्वाद यात्रा का समापन होगा और इसी दिन प्रधानमंत्री मोदी भी यही होंगे। वे इस विशाल कार्यक्रम में प्रदेश के लगभग 10 लाख कार्यकतार्ओं को विजय मंत्र के साथ चुनावी शंखनाद करेंगे। इधर भाजपा कार्यालय इंदौर से जानकारी मिली है की प्रधानमंत्री मोदी की सभा में शामिल होने के लिए इंदौर से लगभग 5 हजार से भी ज्यादा कार्यकर्ता भोपाल जाएंगे।**

भाजपा का ट्रिपल एस यानी सरकार, संगठन और संघ पूरी ताकत के साथ लग गया है। 25 सितंबर को भोपाल के जंबूरी मैदान में कार्यकर्ता महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधन होगा। इस महाकुंभ में मोदी के अलावा कई केंद्रीय मंत्री समेत बड़े पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। इस विशाल आयोजन में मोदी आगामी दिनों में पांच राज्यों में अगले माह विधानसभा और अगले साल मार्च - अप्रैल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में पार्टी को जिताने का संकल्प दिलायेंगे। भाजपा के नेताओं और संगठन के पदाधिकारियों की माने तो पार्टी के इस महाकुंभ में लगभग 10 लाख कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। इसके लिए भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी है। बाहर से आने वाले कार्यकतार्ओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। इस चुनावी महाकुंभ की व्यवस्थाओं के लिए सरकारी अफसरो व कर्मचारियों की भी मदद ली जा रही है। आगामी दिनों में होने वाला कार्यकर्ता महाकुंभ मप्र के इतिहास अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक महाकुंभ होगा।

### प्रत्याशियों की सूची मोदी की सभा के बाद

पिछले कुछ दिनों से भाजपा के प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी करने को लेकर लगातार बैठकें होती रही, लेकिन पार्टी के अंदरखाने में चल रही उठा-पटक के कारण न तो सूची तैयार हो सकी और न ही प्रत्याशियों को फाइनल किया गया है। फिलहाल भाजपा संगठन ने प्रत्याशियों की सूची, चुनाव प्रचार, बैठकें जैसे महत्वपूर्ण कार्य 25 सितम्बर तक होल्ड पर रख दिए है। संगठन और सरकार का सारा ध्यान आशीर्वाद यात्रा , मोदी की सभा और कार्यकर्ताओं का लाने ले जाने आदि व्यवस्थाओं पर है। बताया गया है की अब क्लीयर हो चुका है की भाजपा की दूसरी सूची 25 तारीख के बाद ही जारी होगी। बताया गया है की संगठन ने प्रदेशभर के कार्यकतार्ओं को लाने ले जाने के लिए भाजपा के नेताओं की दो दर्जन समितियां बनाई है जो सिर्फ इसी व्यवस्था में रहेगी।

# सुगंध दशमी पर तैयार की जा रही झांकी

## छावनी की झांकी में नजर आएगी प्राचीन गुफा मंदिर की झलक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर में सुगंध दशमी के अवसर पर एक झांकी का निर्माण किया जा रहा है। पिछले 34 सालों से मंडल सुगंध दशमी के मौके पर तीर्थ स्थल की झांकी तैयार करता आ रहा है। इस बार भी एक तीर्थस्थल की सुंदर झांकी तैयार की जा रही है।**

नंदीमित्र सुकुमार मंडल के अध्यक्ष संदीप गोधा व मंत्री आदीश सोनी ने बताया कि सुगंध दशमी के पर्व पर मंडल के सुकुमार बच्चों द्वारा 34 वर्षों से झांकी का निर्माण किया जा रहा है। झांकी के माध्यम से समाजजन को धर्म से जोड़ा जाता है एवं कथानकों के द्वारा धर्म की व्याख्या की जाती है। साथ ही झांकी के माध्यम से लोगों को तीर्थ क्षेत्रों के दर्शन भी कराए जाते हैं।

मंडल के स्थायी अध्यक्ष अविनाश जैन एवं झांकी के प्रमुख संयोजक अंकुर डोसी ने बताया कि इस वर्ष झांकी के माध्यम से 2200 वर्ष प्राचीन तीर्थक्षेत्र ह्लतीर्थंकर लेणीह्व ग्राम शहादा जिला नंदूरबार महाराष्ट्र की झांकी का निर्माण किया जा रहा है। यहां पर भगवान नेमिनाथ एवं नमिनाथजी की मूलनायक प्रतिमाएं हैं साथ ही 56 अन्य जिन प्रतिमा भी स्थापित हैं। यह मंदिर शहादा तहसील के गोमई नदी के मध्य में स्थित है। नदी में पानी पूर आने पर यह मंदिर जलमग्न हो जाते हैं। उक्त मंदिर नदी की गुफाओं में कई हजार वर्षों तक दबा रहा। नदी पर बांध बनाए जाने के बाद पानी जब कम हुआ तो ग्रामवासियों को जैन प्रतिमाओं के दर्शन हुए। मंडल सदस्यों द्वारा उक्त तीर्थ स्थल की जीवंत झांकी का निर्माण किया जा रहा है, जिससे दर्शनार्थियों में इस तीर्थ के दर्शन के लिए जाने की भावना जाग्रत हो सके तथा तीर्थस्थल भी प्रकाश में आ सके। झांकी का शुभारंभ जैन समाज के वरिष्ठजन, समाजसेवी आदि करेंगे।

# कांग्रेस में जीतू पटवारी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## पार्टी ने चुनाव प्रचार समिति में सह-अध्यक्ष बनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आने के साथ तमाम राजनीतिक दल चुनावी रणनीति बनाने में जुटे हैं। इसी सिलसिले में कांग्रेस पार्टी ने जीतू पटवारी को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी आलाकमान ने उन्हें मप्र में चुनाव प्रचार समिति का सह-अध्यक्ष नियुक्त किया है। शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस आशय के आदेश जारी कर दिए। कांग्रेस पार्टी ने कुछ दिन पूर्व ही मप्र में चुनाव प्रचार समिति का गठन करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री व आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया था। यहां पर यह बता दें कि जीतू पटवारी वर्तमान में इंदौर की राऊ सीट से विधायक हैं। वह पूर्ववर्ती कमल नाथ सरकार में शिक्षा, खेल और युवा मामलों के मंत्री भी रह चुके हैं।

# वृद्धाश्रम में गीत संगीत का कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्रीश्याम किर्तन महालक्ष्मी नगर इंदौर के द्वारा विकास मंडलोई के एक छोटे से प्रयास से आस्था वृद्धाश्रम इलेक्ट्रिक कांप्लेक्स में वरीष्ठजनो के साथ मिलकर गीत एवं संगीत का कार्यक्रम रखा गया । इस सफल आयोजन में मंगलेश सक्सेना, रमेश बिजघावने, बृजेश पचोरी, विशाल मिश्रा, प्रमोद शर्मा, विवेक उपाध्याय, सचिन खेड़े, अमित साकल्ले ने मधुर गीतों की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया ' संस्था के सदस्य विकास मंडलोई ने बताया की वृद्धा आश्रम में बुजुर्गो के साथ समय बिताकर परम आनंद और सुख कि अनुभूति मिली ' हमारी संस्था भविष्य में ऐसे आयोजन करती रहेगीं ।

## कटाक्ष




# शासकीय सेवको का वेतन प्रत्येक माह की एक तारीख को देना किया जाये सुनिश्चित

## ◆जिला कोषालय द्वारा सभी कार्यालयों के लिये दिशा निर्देश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर जिले में सभी शासकीय कार्यालयों के प्रमुखों से कहा गया है कि वे अपने शासकीय सेवकों का वेतन हर माह की एक तारीख को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। इस संबंध में जिला कोषालय द्वारा सभी शासकीय कार्यालयों के लिये दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।**

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी जिला कोषालय श्रीमती मोनिका सोनी ने बताया कि मध्यप्रदेश कोषालय संहिता 2020 के सहायक नियम 109(3) के अनुसार कार्यालय के समस्त शासकीय सेवको का वेतन प्रत्येक माह की पांच तारीख के पूर्व किया जाये। विलंब या स्टॉप पेमेंट के संबंध में आहरण संवितरण अधिकारी को पूर्ण औचित्य सहित देयक प्रस्तुत करना होगें। इस संबंध में जारी पत्र में निर्देशित किया गया है कि उक्त अनुक्रम में म.प्र. कोषालय संहिता 2020 के सहायक नियम 109(1) के अनुसार प्रत्येक शासकीय सेवक को उसके प्रत्येक माह के वेतन का भुगतान आगामी माह की प्रथम तारीख को करने के निर्देश हैं। यदि माह की प्रथम तारीख को शासकीय अवकाश हो तो उसके पूर्व के कार्य दिवस को भुगतान किया जाये।

समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को अवगत कराया गया है कि अपने कार्यालय से संबंधित समस्त शासकीय सेवकों को प्रत्येक माह की प्रथम तारीख को वेतन आहरण हो सके, यह सुनिश्चित करने की व्यवस्था करें। यदि इसमें किसी प्रकार का विलंब होता है तो उसके लिए आहरण संवितरण अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगें।

# सीएम हेल्प लाइन में बिजली कंपनी सतत ए श्रेणी में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सीएम हेल्प लाइन 181 पर दर्ज होने वाली बिजली संबंधी शिकायतों के उचित व सर्वमान्य तरीके से निराकरण में एक बार फिर पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी अव्वल रही है। शुक्रवार को भोपाल से जारी सूची में बिजली कंपनी के इंदौर समेत सभी 15 जिले ए श्रेणी में रहे हैं। कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य ने बताया कि प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के निदेर्शानुसार सीएम हेल्प लाइन में दर्ज होने वाली शिकायतों की दैनिक समीक्षा की जाती है। जोन, वितरण केंद्रों की संबंधित कार्यपालन यंत्री समीक्षा करते है, संभागों को संबंधित अधीक्षण यंत्री एवं वृत्त/ जिलों की संबंधित मुख्य अभियंता दैनिक समीक्षा करते हैं। कंपनी मुख्यालय स्तर पर भी सतत समीक्षा की व्यवस्था हैं। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि समीक्षा के दौरान जिन जिलों में स्थिति पीछे, या कमजोर पाई जाती है, वहां तत्काल सुधार के निर्देश जारी कर दो दिनों में स्थिति सुधारी जाती है। उन्होंने बताया कि शिकायतों के निराकरण में नो टालरेंस की नीति पर कार्य किया जा रहा हैं।

# यूएन में भारतीय संविधान की ताकत बनकर गूंजी इंदौर की बेटी की आवाज

## ◆ रोहिणी ने कहा- सामाजिक भेदभाव से मिली आजादी इसलिए संविधान की करते हैं पूजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मैं एक लडक़ी होने के नाते यह बता सकती हूं कि अगर संविधान नहीं होता तो हमें हमारे अधिकार कभी नहीं मिलते। हम संविधान की पूजा भी इसलिए करते हैं क्योंकि उसकी वजह से आज हमें सामाजिक भेदभाव से आजादी मिली है। चलिए भारतीय संविधान से प्रेरणा लेकर हम विश्व नागरिक बनकर पूरे विश्व को समावेशी और न्यायसंगत बनाएं। यूएन में गूंजने वाली यह आवाज इंदौर की बेटी रोहिणी घावरी की है। रोहिणी ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र संघ में 54वें ह्यूमन राइट्स काउंसिल में ह्यभारतीय संविधान की ताकत विषय पर अपना उद्बोधन दिया। गत 16 मार्च को भी रोहिणी ने यूएन में पड़ोसी देशों की तुलना करते हुए मानव अधिकार पर भारत का मजबूत पक्ष रखा था।

यूएन में रोहिणी ने उपराष्ट्रपति को नमस्कार करते हुए अपने भाषण की शुरूआत की। बाद में रोहिणी ने बताया कि यूएन में भाषण देने के बाद मन उत्साह से भरा था। ऐसा लग रहा था मानो आज मैं भारत के लिए तिनका सा कुछ काम कर पाई हूं। भारत का संविधान वाकई कमाल का है। हमारे संविधान की ताकत से पूरा विश्व एक सबक सीख सकता है। रोहिणी घावरी ने बताया कि इस बैठक के लिए मैंने करीब एक महीने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी। रोहिणी की सफलता की दास्तां सुनने में जितनी आसान लग रही है, हकीकत उससे कई गुना ज्यादा मार्मिक है। रोहिणी की मां सफाईकर्मी और पिता समाजसेवक हैं। रोहिणी की दो बहनें और एक भाई है। पहले पिता भी रेलवे में सफाईकर्मी थे, लेकिन बाद में किन्हीं कारणों से उन्हें नौकरी छोडऩी पड़ी। चार भाई-बहनों की पढ़ाई का सारा खर्च सिर्फ मां के कंधों पर था।

**मां के कारण आगे बढ़ पाई-** रोहिणी ने बताया कि मां की सैलरी से 80 प्रतिशत हिस्सा भाई-बहनों की पढ़ाई पर चला जाता था। घर, परिवार और समाज से लडक़र रोहिणी की मां ने रोहिणी को फारेन ट्रेड में बीबीए करा दिया। बस यहीं से रोहिणी की उड़ान की शुरूआत होने लगी। इसके बाद एक इंटरव्यू में रोहिणी को किसी ने विदेश से पीएचडी करने की सलाह दी। इसके बाद रोहिणी प्रदेश सरकार की स्कालरशिप से 2020 में पीएचडी करने जेनेवा चली गईं। अक्टूबर में रोहिणी की पीएचडी समाप्त होने वाली है। रोहिणी ने बताया कि पीएचडी की स्कालरशिप मिलने के बाद यूएस ने दो बार वीजा रद किया। वीजा अधिकारियों ने कारण बताते हुए कहा था कि हमारे यहां सामान्यतः 26 साल की उम्र में पीएचडी नहीं होती है। इसके लिए आवेदकों की उम्र करीब 35 साल होनी चाहिए। रोहिणी के संघर्ष के दिनों में पूरा सहयोग करते हुए उनकी मां ने कई जेवर गिरवी रखे थे। रोहिणी ने भावुक होते हुए बताया कि एमबीए की फीस के दौरान मां ने अपना आखिरी गहना मंगलसूत्र भी गिरवी रख दिया।

# अनंत चतुर्दशी चल समारोह के लिए लगेंगे 130 बिजली कर्मचारी

## ◆ बजाजखाना क्षेत्र में विशेष कंट्रोल रूम, 50 स्थानों पर ट्रांसफार्मर कवरिंग कार्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से अनंत चतुर्दशी गुरूवार 28 सितंबर की शाम निकलने वाली झांकियों के मार्ग पर विशेष कार्य किए जा रहे हैं। शहर के इस अति महत्वपूर्ण आयोजन के लिए करीब 130 कर्मचारी, अधिकारी लगेंगे। इनमें 25 इंजीनियर रहेंगे। झांकी मार्ग का अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, उच्चदाब प्रभारी ने पैदल घूमकर निरीक्षण किया एवं बिजली संबंधी जरूरी कार्यों की सूची बनाकर तत्काल कार्य किए जा रहे है। इसमें ट्रांसफार्मर पर कवरिंग करने के साथ ही लाइनों को पर्याप्त ऊचांई पर करने, केबलों को बांधने आदि कार्य शामिल है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के शहर अधीक्षण यंत्री श्री मनोज शर्मा ने बताया कि प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के निर्देश पर एक सप्ताह का विशेष कार्यक्रम बनाकर झांकी मार्ग पर कार्य किए जा रहे हैं। झांकी मार्ग पर शहर के उत्तर संभाग, मध्य संभाग, पश्चिम संभाग एवं पूर्व संभाग की टीमें मालवा मिल से लेकर बजाज खाना, राजमोहल्ला क्षेत्र तक कार्यरत रहेगी। मिल क्षेत्र, गांधी हाल, पागनिस पागा, डीआरपी लाइन क्षेत्र, बजाज खाना, जेल रोड क्षेत्र, हेमिल्टन क्षेत्र, जवाहर मार्ग, एमजी रोड आदि से संबद्ध फीडरों का मैंटेनेंस किया जा रहा हैं। दक्षिण क्षेत्र से जवाहर मार्ग की ओर झांकी मार्ग के लिए विशेषीकृत पावर सप्लाय का इंतजाम भी रहेगा। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि लगभग 50 स्थानों पर वितरण ट्रांसफार्मरों का मैंटेनेंस कर विशेष रूप से कवर लगाए जा रहे हैं। बजाज खाना में बिजली कंपनी का झांकी व्यवस्था के लिए अस्थाई कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। यह अनंत चतुर्दशी की शाम से लेकर अगली सुबह या झांकी समाप्त होने तक क्रियाशील रहेगा।

# विधानसभा इन्दौर-3 की मतदाता सूची पर बवाल

## ◆ उच्च न्यायालय के एसडीएम को आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आगामी चुनाव के पूर्व विधनसभा इंदौर 3 की मतदाता सूची में नाम जोडऩे, हटाने और संशोधन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किए आवेदनों की सूची अपूर्ण एवं नियम विरुद्ध होने के कारण कांग्रेस निर्धारित समय में फार्म 11,11-अ, 11- इ के विरुद्ध आपत्तियां नही दे पाई थी जिसके लिए कांग्रेसी नेता पिंटू जोशी और दिलीप कौशल के नेतृत्व में पिछले दिनों सैकड़ों कांग्रेसियों ने कलेक्टर को आपत्ति दर्ज कराई थी और अधूरे दस्तावेजों के आधार पर जोड़े जा रहे नए नामो के विरुद्ध कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकतार्ओं ने निर्धारित प्रारूप में हजारों आपत्तियां दर्ज कराई थी।

विधानसभा इंदौर-3 के एसडीएम ने कांग्रेसी नेताओ को आपत्तियां लगाने के लिए पर्याप्त जानकारी सहित सूची नही दी थी ताकि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किया समय निकल जाए इसके लिए कांग्रेसी नेताओ ने अभिभाषक विभोर खंडेलवाल एवं जयेश गुरनानी के माध्यम से उच्च न्यायालय में याचिका लगाई जिसमे माननीय उच्च न्यायालय ने विधानसभा इंदौर-3 के रऊट को कांग्रेस द्वारा दी गई आपत्ति जिसमें प्रारूप अनुसार जानकारी देने और जानकारी देने के बाद आपत्तियां लगाने के लिए पर्याप्त समय देने के आवेदन को विधि अनुसार 28 सितंबर के पूर्व निर्धारित करने के महत्वपूर्ण आदेश जारी किए है याचिका निलेश पटेल, शैलू सेन तथा विशाल चतुवेर्दी द्वारा प्रस्तुत की गई थी अभिभाषक विभोर खंडेलवाल एवं अभिभाषक जयेश गुरनानी ने पैरवी की।



हरसूद में तेंदूपत्ता संग्राहक बोनस वितरण कार्यक्रम में बोले सीएम ...

# हम सरकार चलाने नहीं परिवार चलाने आए हैं, बहनों को पैसा नहीं उनका सम्मान दिया

## सीएम ने तेंदूपत्ता तोडने वाली महिला को अपने हाथों से पहनाई चरण पादुका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** तेंदूपत्ता बोनस वितरण कार्यक्रम में हरसूद पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदिरा सागर बांध के कारण विस्थापित हुए हरसूद क्षेत्र में उद्योग लगाने वालों को विशेष छूट देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कुछ आदिवासी मजदूरों को जूते चप्पल पहनाकर बोनस राशि के चैक भी वितरित किए। प्रदेश के 41 हजार तेंदूपत्ता मजदूरों को लगभग 10 करोड़ रु बोनस के रूप में वितरित किए जाएंगे। साथ ही वन विभाग की ओर से तेंदू पत्ता मजदूरों को जुते,चप्पल,पानी की केन और छाता खरीदने के लिए 200 रु नगद दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने तेंदू पत्ता तोडऩे वाले आदिवासी मजदूर को बोनस वितरण कर योजना का शुभारंभ किया। कुछ हितग्राहियों को बोनस राशि के चेक भी दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने इंदिरा सागर बांध के कारण विस्थापित हरसूद क्षेत्र में उद्योग लगाने वालों को विशेष छूट देने की घोषणा की। आदिवासियों की भारी भीड़ वाली सभा में मुख्यमंत्री ने कहा मैं शिवराज सिंह नहीं हूं सामाजिक क्रांति हूं, जनता की सेवा करने आया हूं।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस की पिछली सरकार पर साधा निशाना, कहा बिजली, पानी, सडक़ और लोक कल्याण के कोई काम नहीं किए थे कांग्रेस की सरकार ने। उन्होंने कहा मेडिकल में प्रवेश के लिए होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा नीट के लिए अब मध्य प्रदेश की सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए अलग से आरक्षण किया जाएगा।

उन्होंने कहा अब परीक्षा में 60 प्रतिशत तक अंक लाने वाले बच्चों को भी लैपटॉप मिलेगा। मेधावी विद्यार्थी योजना के तहत अब हायर सेकंडरी स्कूल के टॉप 3 विद्यार्थियों को स्कूटी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, बच्चों की शिक्षा सुविधा और क्षेत्र के विकास की योजनाएं गिनाकर आगामी चुनाव में भाजपा के लिए वोट मांगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहन को फिर तोहफा देने की बात कही। सीएम ने कहा कि अभी बहनों के खाते में 1250 रुपए डाले है, जल्द ही ये राशि बढ़ाने वाला हूं। बहनों के चेहरे पर खुशी आ जाए तो मेरा जीवन भी सफल हो जाता है। बहनों के हाथ में पैसे देकर लाडली बहन के माध्यम से हमने बहनों को पैसा नहीं उनका सम्मान दिया है। 24 घंटे में 18 घंटे काम करता हूं ताकि आपकी जिंदगी संवर जाए। भाई-बहन का पवित्र रिश्ता और जिम्मेदारी निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। खंडवा जिला अद्भुत है। ओंकारेश्वर में शंकराचार्य जी की प्रतिमा लगी है। आपके क्षेत्र के विधायक और वनमंत्री दिनरात क्षेत्र के विकास की फिक्र करते हैं। मंत्री विजय शाह गांव में भूमिहीन को भी पट्टा देकर मकान बनाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना में जिनके नाम छूट गये हैं वह लोग चिंता ना करें। उनके लिये मैंने मुख्यमंत्री आवास योजना शुरू कर दी है। ढाई एकड़ सिंचित व पांच एकड़ असिंचित जमीन वालों को लाभ मिलेगा। रसोई गैस और बिजली का बिल में राहत दे रहे है। हरसूद क्षेत्र के विधायक और प्रदेश के वन मंत्री डा. कुंवर विजय शाह ने सीएम की तारीफ करते हुए हरसूद के विकास के लिए उद्योग लगाने वालों को छूट देने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

घर में सो रहे आदिवासी दंपति पर हमला ...

# महिला की गर्दन काटी, मौके पर मौत, पति घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। घर में सो रहे दंपत्ति पर बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। धारदार हथियार से गर्दन पर वार होने से महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पति को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना गुरूवार-शुक्रवार रात की है।**

सूचना के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौका मुआयना किया। पुलिस टीमें हत्या के कारणों समेत हत्यारों की शिनाख्त में जुट गई है। मामला खंडवा के आदिवासी बहुल पिपलोद थाना अंतर्गत खालवा से सटे ग्राम ताल्याधड़ की है। गांव में आदिवासी कोरकू परिवार के दंपत्ति रात को सो गए थे।

सुबह अचानक चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने देखा तो घर में खून बह रहा था। महिला आशाबाई का शव पड़ा हुआ था। उसके पति गणेश की सांसें चल रही थी। ग्रामीणों ने गणेश को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खालवा में भर्ती कराया।

हालत गंभीर होने से गणेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। ग्रामीण बताते हैं कि गांव में दंपत्ति का किसी से विवाद नहीं है। रात के 12 बजे से 1 बजे के बीच की घटना पिपलोद थाने के सब इंस्पेक्टर सपन मंडलोई का कहना है कि धारदार हथियार से महिला की हत्या की गई है। फर्श पर काफी खून बिखरा हुआ था। घटना गुरूवार रात करीब 12 बजे से 1 बजे के बीच की है।

रात 1 बजे घायल गणेश ने पड़ोस में रहने वाली बहन को बताया कि अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। जिसमें पत्नी आशाबाई की मौत हो चुकी है। गणेश की बहन ने डायल 100 को सूचना दी। गणेश जिला अस्पताल में भर्ती है। महिला को पीएम के लिए खंडवा भेजा है। मामले में मर्ग कायम कर लिया है। हम लोग आरोपियों की तलाश में जुट गए है।

# पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के नाम के शिलालेख नाली से बरामद

◆समाज ने रोष जाहिर करते हुए किया शुद्धिकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

हरदा। स्थानीय नवीनतम भाजपा कार्यालय मे पार्टी के वरिष्ठ सेवी स्व. नंदकुमार सिंह चौहान का अपमान किया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए करनी सेना जिलाध्यक्ष सुनील सिंह राजपूत ने बताया कि करनी सेना ने कार्यालय के भूमि भूजन के शिलान्यास की शिला को नाली में से बरामद किया है।जिसे राजपूत समाज के युवा एवं करणी सैनिकों ने उठकर शुद्ध पानी से साफ कर व्यवस्थित रखा। राजपूत समाज ने गहरा रोष जाहिर करते हुए कहा कि परिवारवाद पर तंज कसने बाली बीजेपी आज हरदा में स्वयं एक परिवार द्वारा ही संचालित की जा रही है। हरदा बीजेपी कार्यालय का नाम भी अब कमल कुंज रखा गया है जो किसी व्यक्ति विशेष के प्रभाव का प्रतीक है।

स्व नंदू भैया बीजेपी से आठ बार सांसद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवंपूर्ण राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैसे कई वरिष्ठ पदों पर रहकर पार्टी एवम् जनता की सेवा की है। उनका अपमान राजपूत समाज का अपमान माना जाएगा। राजपूत परिषद तहसील अध्यक्ष वीरसिंह राठौड़ ने कहा कि हरदा कार्यालय का नाम बदलकर स्व नंदू भैया के नाम से रखा जाए, एवं पार्टी उनके अपमान का जबाब दे अन्यथा पूरे प्रदेश में राजपूत समाज इस अपमान के लिए बीजेपी का बहिष्कार एवम् विरोध करेंगे जिसका आगामी विधानसभा में नतीजे देखने को मिल जाएंगे।



# संपादकीय

## कब्जे का प्रयास

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि चीन अरुणाचल, ताइवान आदि क्षेत्रों पर कब्जे का मौका तलाशता रहता है, मगर पिछले कुछ सालों में उसकी तरफ से किए गए प्रयासों के मद्देनजर अब इसे उसकी पुरानी आदत कह कर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत वाले हिस्से में सड़क, पुल, छावनी वगैरह बनाने और गश्ती बिंदुओं पर कब्जा जमाने को लेकर समझौते के प्रयास जारी हैं। युवा मामले एवं खेल मंत्री ने अपनी चीन यात्रा रद्द कर दी है, जो खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने वहां जा रहे थे। हालांकि इस घटना के पीछे एक तर्क यह दिया जा रहा है कि जिन तीन खिलाड़ियों को एशियाई खेलों में हिस्सा लेने से रोक दिया गया है, वे अपना मान्यता कार्ड नहीं निकाल पाई थीं। दरअसल, वही मान्यता कार्ड उनके वीजा के रूप में काम करता है। चीन की एशियाई खेल आयोजन समिति ने उन्हें उसमें हिस्सा लेने की इजाजत दे दी थी। मगर यह तर्क किसी के गले नहीं उतरने वाला है। थोड़ा पीछे लौट कर देखें तो जुलाई महीने में चीन के चेंगदू में आयोजित विश्व विश्वविद्यालय प्रतिस्पर्धा में इन्हीं तीन खिलाड़ियों को चीन ने नत्थी यानी स्टेपल वीजा जारी किया था। नत्थी वीजा देने का मतलब है कि चीन उन्हें भारत का नागरिक नहीं मानता। इससे नाराज होकर भारत ने उन तीनों खिलाड़ियों को हवाई अड्डे से वापस लौटा लिया था। अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन का नजरिया किसी से छिपा नहीं है। वह अरुणाचल को भारत का हिस्सा नहीं मानता, बल्कि दक्षिणी तिब्बत के रूप में मान्यता देता है। पिछले महीने ही उसने जो अपना आधिकारिक नक्शा जारी किया, उसमें अरुणाचल प्रदेश, ताइवान, अक्साई चिन और विवादित दक्षिण चीन सागर को अपने हिस्से में दिखाया था। हालांकि भारत ने उस नक्शे को खारिज कर दिया था, मगर चीन ने अब तक उसमें कोई बदलाव नहीं किया है। इससे पहले अप्रैल में उसने अरुणाचल की ग्यारह जगहों के नाम बदल दिए थे।

### स्वामी विवेकानंद की प्रेरक कहानी

# अपनी भाषा पर गर्व






बात उन दिनों की है जब स्वामी विदेश यात्रा पर गए थे। वहां उनके आदर-सत्कार के लिए कई लोग आए। उनमें से कुछ लोगों ने स्वामी से साथ हाथ मिलाना चाहा और कुछ ने अंग्रेजी में उनसे 'हेलो' कहा। स्वामी विवेकानंद ने जवाब में हाथ जोड़ते हुए सबको नमस्कार कहा।

यह देखकर कुछ लोगों ने सोचा कि स्वामी को अंग्रेजी नहीं आती है, इसलिए वो जवाब में नमस्ते कह रहे हैं। ऐसा सोचकर भीड़ में से एक व्यक्ति ने स्वामी विवेकानंद से हिंदी में पूछा कि आप कैसे हैं? हिंदी में सवाल सुनकर स्वामी विवेकानंद मुस्कुराए और उसे इंग्लिश में जवाब दिया, "आई एम फाइन, थैंक यूं।"

स्वामी विवेकानंद का अंग्रेजी में जवाब सुनकर वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए। लोगों के मन में हुआ कि जब इनसे अंग्रेजी में सवाल किया गया तब हिंदी में जवाब मिला और फिर हिंदी में बात करने पर इंग्लिश में जवाब मिला। आखिर ऐसा क्यों हुआ। तभी एक व्यक्ति ने स्वामी विवेकानंद से यह सवाल पूछ ही लिया।

इसका जवाब देते हुए स्वामी विवेकानंद ने बड़ी ही विनम्रता से कहा कि जब आप लोगों ने अंग्रेजी में बात करके अपनी भाषा को आदर दिया, तब मैंने अपनी भाषा को मां मानकर उनका सम्मान करते हुए हिंदी में जवाब दिया।

स्वामी विवेकानंद की इस बात को सुनकर वहां मौजूद सारे विदेशी हैरान रह गए और तभी से हिंदी भाषा को पूरे विश्व में सम्मान मिलने लगा। इस किस्से से स्वामी विवेकानंद का अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति प्यार और आदर झलकता है।

### कहानी की सीख

हमेशा अपनी राष्ट्र भाषा को सम्मान देना और उस पर गर्व महसूस करना चाहिए। साथ ही अन्य भाषाओं का भी इतना ज्ञान होना जरूरी है कि हम सामने वाले की बात को समझ सके।

### मुल्ला नसरुद्दीन की कहानी

# रोटी क्या है?

एक बार मुल्ला नसरुद्दीन पर मुकदमा चला कि वह राज्य के लिए खतरा बन सकते हैं। उन पर आरोप था कि वह राज्य में घूम-घूमकर धर्मगुरुओं, प्रशासनिक अधिकारियों, नेताओं और दार्शनिकों के बारे में अफवाह फैला रहे हैं कि इनमें ज्ञान की कमी है और ये सभी अज्ञानी हैं। मुकदमे की कार्रवाई के लिए मुल्ला नसरुद्दीन को दरबार में बुलाया गया।



जब दरबार में मुल्ला नसरुद्दीन पहुंचा, तो राजा ने उनसे कहा, "तुम अपनी बात दरबार में मौजूद सभी के सामने रखो।" मुल्ला ने राजा से कहा, "आप कुछ कागज और कलम मंगवा लीजिए।" राजा ने कागज और कलम मंगवा लिए। मुल्ला ने राजा से कहा, "यहां बैठे बुद्धिमान व्यक्तियों में से सात को ये कागज दे दें।" राजा ने वैसा ही किया। फिर मुल्ला ने उनसे एक सवाल पूछा और उत्तर कागज पर लिखने को कहा।

सातों के लिए मुल्ला का सवाल था कि "रोटी क्या है?"

थोड़ी देर में सभी ने अपना जवाब कागज पर लिख दिया। फिर एक-एक कर सभी ने अपना जवाब राजा और दरबार में उपस्थित सभी के सामने पढ़कर सुनाया।

पहले व्यक्ति ने अपने उत्तर में लिखा – रोटी एक तरह का खाना है।

दूसरे व्यक्ति ने लिखा – रोटी, आटे और पानी का मिश्रण है।

तीसरे ने जवाब में लिखा – यह भगवान का वरदान है।

चौथे ने अपने उत्तर में लिखा – रोटी पका हुआ आटे का लौंदा है।

पांचवें ने जवाब में लिखा – इसका जवाब इस बात पर निर्भर करता है कि रोटी से आपका अभिप्राय क्या है।

छठवें ने जवाब में लिखा – रोटी पौष्टिक तत्व से समृद्ध आहार है।

आखिर में सातवें ने लिखा – रोटी के बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।

सभी के जवाब के बाद मुल्ला ने दरबार में कहा, "अगर रोटी को लेकर इतने ज्ञानी और गुणी लोगों का मत एक समान नहीं है, तो ये किसी विषय पर निर्णय देने के लिए एकमत कैसे हो सकते हैं? ये सभी लोग मिलकर यह निर्णय कैसे ले सकते हैं कि मैं लोगों को गलत बातें बता रहा हूं।" फिर मुल्ला ने राजा से कहा, "क्या आप महत्वपूर्ण विषयों पर परामर्श और निर्णय देने का अधिकार ऐसे लोगों को दे सकते हैं, जो रोज रोटी खाते हैं, लेकिन इसे लेकर एकमत नहीं हैं।" मुल्ला नसरुद्दीन ने आगे कहा, "जो लोग किसी विषय पर एकमत नहीं हो सकते हैं, वो कैसे कह सकते हैं कि मैं लोगों को भ्रष्ट करता हूं।"

### कहानी से सीख

इस कहानी से यह सीख मिलती है कि किस विषय पर अपना मत रखने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी होना जरूरी है।

## Highlights

1. Trudeau won't be Canada PM for long: Ex-US defence official amid Canada-India tensions
2. BJP should use phenyl to wash face of its people: Mehbooba Mufti
3. We'll support India, it's too important: Ex-US defence official after Canada's allegations
4. Nijjar wasn't just a plumber any more than Laden was an engineer: Ex-US defence official
5. Such attitudes will rip India apart: Tharoor on BJP MP's remarks

# List of top 20 companies across US, UK, Canada in work wellbeing released. 3 Indian firms included

**MUMBAI, (Agency).** Indeed, a jobs and hiring platform, has released the list of winners of its inaugural Better Work Awards, honoring the top companies for "work wellbeing" in the US, UK and Canada for this year.

According to the company, the awards are unique because winners are determined based on the world's largest study of work wellbeing and insights from millions of employees who rate and review their company on Indeed each year. This includes rating their work wellbeing across four key indicators: happiness, purpose, satisfaction and stress.

The top ten companies for work wellbeing in the U.S. are (scores out of 100):

1. Love's Travel Stops & Country Stores (83)
2. H&R Block (79)
3. Delta Air Lines (78)
4. Tata Consultancy Services (78)
5. Accenture (78)
6. IBM (78)
7. L3Harris (77)
8. Wipro (76)
9. Infosys (76)
10. Nike (76)



The top five companies for work wellbeing in the UK are:

1. Kingsley Healthcare (85)
2. The Entertainer (75)
3. The Body Shop (71)
4. Kelly Group (71)
5. Clarks (70)

The top five companies for work wellbeing in Canada are:

1. Petro Canada (74)
2. TJX Canada (73)
3. The Keg Steakhouse + Bar (73)
4. DHL (72)
5. Home Depot Canada (72)

What is work wellbeing?

Indeed describes work wellbeing - or how employees feel at work - as a critical factor for people today when deciding where to work, and plays a significant role for employers hoping to attract, hire and retain top talent. On average, 90% of working adults indicate that how they feel at work matters, and 80% say wellbeing data is important when considering a company, based on survey results from the US, UK and Canada, said Indeed.

# Mahindra Finance acquires 20% in Mahindra Insurance Brokers for ₹206 crore

**MUMBAI, (Agency).** Mahindra Finance on Friday acquired a 20 per cent stake in Mahindra Insurance Brokers Ltd (MIBL) for ₹206.39 crore to make it a wholly-owned subsidiary of the company.

The company, pursuant to receipt of approval from the Insurance Regulatory and Development Authority of India (Irdai), completed the acquisition of 20,61,856 equity shares of ₹10 each of MIBL at a price of ₹1,001 per share, Mahindra Finance said in a regulatory filing.

Consequently, MIBL has become a wholly-owned subsidiary of the company, with effect from September 22, 2023, it added.



Rajasthan

# कांग्रेस: होर्डिंग पर पायलट की तस्वीर नहीं, खरगे-राहुल गांधी आज जयपुर में, इन कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान कांग्रेस कमेटी के नए कार्यालय का शिलान्यास और कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आज जयपुर में है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सांसद राहुल गांधी कार्यालय शिलान्यास करवाया जाएगा। इसके बाद कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिए राहुल गांधी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ताओं, सीएम अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट समेत सभी नेताओं को एकजुटता का संदेश देंगे। लेकिन, पीसीसी कार्यालय के शिलान्यास समारोह के होर्डिंग से सचिन पायलट का तस्वीर गायब होने से सियासी चर्चा शुरू हो गई है। पायलट की जगह इस होर्डिंग में मंत्री शांति धारीवाल को जगह दी गई है।




दरअसल, कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में लगे होर्डिंग में पूर्व डिप्टी सीएम और राजस्थान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन पायलट की फोटो नहीं लगाना सियासी चर्चाओं का कारण बन गया है। करीब 60 हजार कांग्रेस पदाधिकारियों को राहुल गांधी के सम्मेलन में बुलाया गया है। इनमें 52000 बूथ अध्यक्ष, 2200 मंडल अध्यक्ष, 400 ब्लॉक अध्यक्ष, 40 जिलाध्यक्ष, पीसीसी पदाधिकारी, विभाग, विंग के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस और यूथ कांग्रेस पदाधिकारी, एससी, एसटी, ओबीसी और आईटी विभाग पदाधिकारी, जयपुर ज़िला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, पार्षद और स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं समेत करीब 60 हजार कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। मानसरोवर के शिप्रापथ पर पीसीसी ऑफिस का शिलान्यास और वीटी ग्राउंड पर कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। दोपहर में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अशोक गहलोत और गोविंद सिंह डोटासरा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। लेकिन, होर्डिंग पर पायलट की तस्वीर नहीं होने के कारण सवाल ये उठ रहा है कि क्या वे सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

Punjab

## नौकरी से निकाला तो लड़की ने पिज्जा शॉप चलाने वाले कपल का प्राइवेट वीडियो कर दिया वायरल! अरेस्ट

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** पंजाब के जालंधर में अश्लील वीडियो कांड सामने आया है. दरअसल, यहां पिज्जा शॉप चलाने वाले कपल ने प्राइवेट वीडियो वायरल होने पर पुलिस से शिकायत की थी. कपल ने कहा था कि वायरल वीडियो फेक है और उसे एडिट कर बनाया गया है. पुलिस ने इस मामले में इसी पिज्जा शॉप पर काम करने वाली लड़की को गिरफ्तार किया है. पुलिस का कहना है कि आरोपी लड़की ने बदले की भावना से वीडियो वायरल किया था.

जानकारी के अनुसार, कुछ महीने पहले जालंधर के कपल ने पिज्जा शॉप शुरू की थी. बीते दिनों से इस कपल के प्राइवेट वीडियो वायरल हो रहे हैं. इसी को लेकर कपल ने पुलिस से शिकायत की. पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की. शिकायत में दुकान के मालिक ने कहा है कि उसे इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजकर 20,000 रुपये की मांग की गई थी. उसे जब पैसे नहीं दिए तो वीडियो वायरल कर दिए गए. बीते दिनों से कुल चार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, इनमें एक वीडियो में कपल को आपत्तिजनक स्थिति में दिखाया गया है. इस मामले को लेकर पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति पर भी केस दर्ज किया है.

Uttarpradesh

## मथुरा के बरसाना में राधा अष्टमी पर भीड़ से दो लोगों की मौत

**मथुरा, (एजेंसी)** यूपी के मथुरा जिले में राधा अष्टमी के मौके पर बरसाना में दर्शनों को उमड़ी भीड़ के कारण सुदामा चौक पर दो लोगों की मौत हो गई। इनमें एक महिला और एक पुरुष थे।जानकारी के अनुसार शुक्रवार से ही बरसाना में राधा रानी के दर्शनों के लिए भीड़ उमड़ पड़ी थी। शनिवार सुबह 4:00 बजे राधा जन्मोत्सव हुआ। पूरा बरसाना रात से ही भीड़ से भरा हुआ था। मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते सुदामा चौक पर भीड़ के कारण एक महिला और एक पुरुष की तबीयत बिगड़ गई। जैसे तैसे भीड़ से निकलकर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृत महिला इलाहाबाद के गांव पीरगंज की तंबाकू वाली गली निवासी राजरानी (60) थी। मृत पुरुष की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र करीब 70 वर्ष थी। चिकित्सकों ने बताया कि दोनों को डायबिटीज थी। राजरानी अपने परिवार के साथ राधारानी के दर्शन के लिए आई थीं।

New Delhi

## दिल्ली में BJP नेता की संदिग्ध हालत में मौत, सिर में गोली लगने का निशान; परिजनों ने अस्पताल में बोला झूठ?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता और सामाजिक कार्यकर्ता की गोली लगने से संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। भाजपा नेता करण बांका अपने घर के बाथरूम में लहुलूहान हालात में पड़े मिले। परिजनों ने उन्हें पास के मैक्स अस्पताल में भर्ती किया, जहां शुक्रवार शाम उनकी मौत हो गई। पुलिस ने उनके शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि करण ने ही खुद को गोली मारी है। सिर में गोली लगने के निशान हैं। उनके शव को रविवार को पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। पोस्टमॉर्टम के बाद ही सारी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि करण अपने परिवार के साथ ग्रेटर कैलाश- पार्ट वन में रहते थे। उनके पिता एक बड़े कारोबारी हैं। करण ने प्राइवेट सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) रखा था। बुधवार को पीएसओ घर पर नहीं था। वह अपनी पिस्तौल घर पर ही छोड़ गया था। हालांकि, करण के परिजनों ने मैक्स अस्पताल में बताया कि वह बाथरूम में गिरने से घायल हो गए हैं। अस्पताल द्वारा इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

खेल

ICC Rankings

# भारत ने रचा इतिहास, आईसीसी के तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बना; वनडे में पाकिस्तान को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज शुक्रवार (22 सितंबर) को शुरू हुई। टीम इंडिया के कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 276 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया ने 48.4 ओवर में 281 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही भारत आईसीसी वनडे रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गया। वह टी20 और टेस्ट में पहले ही शीर्ष पर था। इस तरह भारत एक ही समय में तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बन गया है।



केएल राहुल की कप्तानी में मिली जीत के साथ ही टीम इंडिया इतिहास रच दिया। वह एक ही समय में तीनों फॉर्मेट में पहले स्थान पर पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने ऐसा किया था। वह अगस्त 2012 में एक साथ टेस्ट-वनडे और टी20 में पहले पायदान था।

**पाकिस्तान से आगे निकला भारत-** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के बाद वनडे में भारत के 116 रेटिंग अंक हो गए। उसने पहला स्थान हासिल करते हुए पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया। पाकिस्तानी टीम को 115 रेटिंग अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर कायम है। उसके 111 रेटिंग अंक हैं।

**ऑस्ट्रेलिया विश्व कप में नंबर-1 टीम के तौर पर नहीं जाएगा-** हार के परिणामस्वरूप, ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व कप में नंबर-1 टीम के तौर पर नहीं जाएगी। भारत के खिलाफ बाकी बचे दो मैच जीतने के बावजूद पर वह शीर्ष पर नहीं पहुंच पाएगा। हालाँकि, अगर ऑस्ट्रेलिया बाकी दोनों मैच जीत जाता है तो भारत पहले स्थान पर नीचे आ सकता है और पाकिस्तान शीर्ष पर पहुंच सकता है।

**भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच में क्या हुआ**?- मोहाली में खेले गए वनडे में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में सभी 10 विकेट गंवाकर 276 रन बनाए। डेविड वॉर्नर ने 52, जोश इंग्लिश ने 45 और स्टीव स्मिथ ने 41 रन की पारी खेली। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने पांच विकेट लिए। जवाब में ऋतुराज गायकवाड़ और शुभमन गिल ने टीम इंडिया को बेहतरीन शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 142 रन जोड़े।

ऋतुराज ने 71 रन और शुभमन गिल ने 74 रन की पारी खेली। वहीं, सूर्यकुमार यादव 50 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान केएल राहुल ने 58 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने 49वें ओवर में शॉन एबॉट की गेंद पर छक्का लगाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई।

सिनेमा

## कंगना ने कहा, 'खालिस्तानियों से अलग हों सिख... अखंड भारत का करें सपोर्ट'



राजनीति से जुड़े किसी भी मुद्दे पर एक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी दो टूक राय रखने से नहीं चूकतीं. भारत और कनाडा के के बीच चल रही तनातनी की आंच अब कई कलाकारों तक भी पहुंचने लगी है. इस तनातनी के बीच शुक्रवार को कंगना ने भी अपने सोशल मीडिया पर, सिख समुदाय के लिए एक राय शेयर की. खालिस्तान समर्थकों को पहले भी अपने सोशल मीडिया हंडल से निशाने पर ले चुकीं कंगना ने पंजाब के हाल पर चिंता जताते हुए, कहा कि पंजाब के राजनीतिक हालात पर बोलने की वजह से आज भी वहां उनकी फिल्मों का बॉयकॉट किया जाता है.

अपने सोशल मीडिया हैंडल से उन्होंने रैपर डीनो जेम्स का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'पंजाब का यही हाल है. जब मैंने खालिस्तानियों के खिलाफ बात की, तो उन्होंने पूरे सिख समुदाय को कन्विंस कर दिया कि मैं इस पूरे समुदाय के खिलाफ हूं. आज भी पंजाब में मेरी फिल्में बैन हैं. उन्हें एक्साइट करके गुमराह करना सबसे आसान है.'

खतरों का खिलाड़ी 13 में नजर आ रहे रैपर डीनो जेम्स ने शुक्रवार सुबह एक पोस्ट शेयर करते हुए, पंजाबी सिंगर सुख का कॉन्सर्ट कैंसिल करने को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया. हालांकि, थोड़ी ही देर में डीनो ने अपनी पोस्ट डिलीट कर ली और इस पोस्ट के लिए जनता से माफी भी मांगी.

# पश्चिम बंगाल से लाकर नाबालिगों से करा रहे थे काम

## तीन को बंधक बनाकर रखा था, ठीक से खाना भी नहीं देता था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बाणंगगा पुलिस ने किशोर अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी बच्चों को अपने साथ काम कराने के लिए पश्चिम बंगाल से लेकर आया था। यहां पर उन्हें ठीक से खाना भी नहीं देता और वापस घर भी नहीं जाने दे रहा था। इस पर बच्चों ने पुलिस में शिकायत की है।**

पुलिस ने शेख तोहीद व साजिद शेख निवासी कोलकाता हाल मुकाम राजाबाग कॉलोनी और राकेश के खिलाफ केस दर्ज किया है। टीआइ नीरज बिरथरे ने बताया कि आरोपी और बच्चे दोनों ही एक ही गांव के रहने वाल हैं। वह उन्हें अपने साथ इंदौर में काम दिलाने के बहाने लेकर आया था। वह सुनारी काम करता है। बच्चों के माता-पिता को बताया कि वह उन्हें काम भी सिखाएगा और बदले में रुपए भी देगा। इस तरह से वह तीन किशोरों को अपने साथ ले आया था।

### ◆ काम कराते, रुपए नहीं देते

बच्चों का आरोप है कि आरोपी साजिद और राकेश उन्हें घर के अंदर कमरे मे बंद करके रखते थे। उनसे काम कराया जाता और रुपए भी नहीं दिए जाते थे। रुपए मांगने पर उसके साथ में गाली-गलौज व मारपीट किया करते। घऱ पर जाने का बोलते हैं तो घर भी नही जाने देते। इतना ही नहीं 24 घंटे में उन्हें एक बार खाना दिया जाता। अगर दोबारा खाना मांगते तो डंडे से उन्हें पीटा जाता।

### ◆ दो सालों से चल रहा था

इस तरह से करीब दो सालों से यह सब चल रहा था। अब जाकर किशोर को मौका मिला तो उसने पुलिस में इसकी शिकायत की। पुलिस ने आरोपियों के पास से से तीनों किशोरों को छुड़ा लिया गया है और आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है।

## रंजिश में महिला पर जानलेवा हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक महिला पर आरोपी ने जानलेवा हमला कर दिया। महिला के घर पर आरोपी आए पहले उसके घर पर सीमेंट के ब्लॉक फेंके। जब महिला बाहर आई तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। दुर्गाबाई पति सीताराम यादव (52) निवासी श्रद्धा सबूरी कॉलोनी की शिकायत पर महेश टोपी, बिज्जू के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि रंजिश को लेकर आरोपी घर पर आए। उसके साथ में गाली- गलौज करने लगे। सीमेंट के ब्लाक उठाकर दरवाजे पर मारे। वह बाहर आई तो जाने से मारने की नीयत से सिर पर सीमेंट का ब्लॉक मारा, इससे वह घायल हो गई। अगर समय रहते वह संभलती नहीं तो आरोपी उसकी हत्या ही कर देते। महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग वहां पर जमा हो गए। इस पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

## युवक को अगवा कर ले लिए रुपए

**इंदौर।** जूनी इंदौर पुलिस ने अपहरण का का केस दर्ज किया है। आरोपी ने पहले युवक को अगवा किया और इसके बाद में बंधक बनाकर करीब एक लाख रुपए ले लिए। इतना ही नहीं पत्नी से भी छोड़ने के लिए 50 हजार रुपए भी ले लिए। तुषार भरथरे पिता कुंजबिहारी भरथरे (34) निवासी सिंधु नगर की शिकायत पर पुलिस ने अजीत खानचंदानी और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी उसे डरा धमकाकर अपने साथ ले गए। वहां पर उसे बंधक बनाकर रखा। उससे 50 हजार रुपए नकद ले लिए। इसके बाद में उसके बेटे के खाते से नेट बैंकिंग के माध्यम से एक लाख 10 हजार रुपए तथा आरोपी की पत्नी स्वाति के खाते मे नेट बैंकिंग के माध्यम से 50 हजार रुपए डलवा लिए। रुपए डलवाने के बाद में उसके साथ में मारपीट कर छोड़ दिया।

# किशोरी से दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कनाड़िया थाना क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी के साथ में मकान मालिक ने बलात्कार किया है। आरोपी ने काम का बहाना बनाकर किशोरी को अपने घर में बुलाया और उसके साथ में बलात्कार किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर बलात्कार का केस दर्ज कर लिया है।

पीड़िता का कहना है कि मकान मालिक के बेटे ने उसे आवाज देकर अपने घर पर बुलाया। उसका कहना था कि घर में कुछ काम है। इसी के चलते वह उसके घर में चली गई। आरोपी ने उसके साथ में बलात्कार किया। साथ ही इस बारे में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। वह उस वक्त वह डर गई थी। इसी के चलते उसने अपने परिजनों को नहीं बताया। कल उसने घटना के बारे में परिजनों को बताया वह उसे थाने ले आए। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### यहां साली से दुष्कर्म

उधर, विजयनगर में एक महिला के साथ मे उसके जीजा ने बलात्कार किया है। पिडीता ने पुलिस को बताया कि उसके बच्चे नही हो रहे है। जिसका इलाज करवाने लिए वह इंदौर आई थी। अपनी बहन के घर में रुकी थी। आरोपी जीजा उसे इलाज के बहाने अपने साथ ले गया और उसके साथ में बलात्कार किया।

### छात्रा को विदेश के नंबर से आ रहे अश्लील मैसेज

भंवरकुआं पुलिस ने एक लडकी को धमकाने का केस दर्ज किया है। आरोपी विदेश के नंबरों से छात्रा को अश्लील फोटो भेज रहा है। आरोपी ने उसकी कॉन्टेट लिस्ट भी हैक कर ली है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मोबाइल नंबर के आधार पर केस दर्ज किया है। टीआइ राजकुमार यादव ने बताया कि वह लडकी मूल रूप से खरगोन की रहने वाली है। यहां पर पढ़ाई के लिए आई है। उसने बताया कि पहले उसके मोबाइल पर कॉल आए थे। उसने फोन नहीं उठाया तो अज्ञात नंबर से अश्लील फोटो आने लगे। उसने नंबर ब्लॉक किया तो दूसरे नंबर से आरोपी मैसेज करने लगा। इनमें एक स्थानीय नंबर भी है।

# किशोरियों से छेड़छाड़, किन्नर और साथियों पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पंढरीनाथ में एक किशोरी के साथ में किन्नर और उसके साथियों ने छेड़छाड़ कर दी। आरोपी और उसके साथियों ने किशोरियों को रोका और उनके साथ में छेड़खानी की। विरोध करने पर उसके साथ में मारपीट भी की।**

पुलिस ने कशिश पंवार, काजल, प्रियंका, पूजा और एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपनी सहेलियों के साथ घर जा रही थी। रास्ते में एक अज्ञात लडका गाली-गलौज करने लगा। उसने विरोध किया तो किन्नर कशिश और अन्य आरोपी भी आ गए। उनके साथ में मारपीट करने लगे। उसके साथ में अश्लील हरकत की और कपड़े फाड़ दिए। वह लोग वहां से बचकर भागने लगे तो पत्थर मारा, इससे उनकी चोट लगी। साथ ही उन्हें धमकाया कि अगर दोबारा इस रास्ते से निकली तो जान से मार देंगे। वहीं एक अन्य मामला धार नाका महू का है। किशोरी की शिकायत पर प्रथम के खिलाफ केस दर्ज किया है। किशोरी ने बताया कि वह गणेश पंडाल में गई थी। वहां पर उसके साथ में आरोपी ने छेड़छाड़ की। किशोरी का आरोप है कि वह आरोपी के खिलाफ पहले से ही केस दर्ज करवा चुकी है। कल फिर आरोपी उसके पास आया और उसके आगे शादी का प्रस्ताव रखा। विरोध करने पर उसके साथ अश्लील हरकत की। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### किशोरी का हाथ पकड़ा

छेड़छाड़ का एक अन्य मामला राऊ थाना क्षेत्र का है। किशोरी की शिकायत पर संदीप ठाकुर पिता कुबेरसिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि टॉयलेट करके वापस अपने घर में जा रही थी। इसी दौरान आरोपी वहां पर आया और उसका हाथ पकड़ लिया। उसने शोर मचाने की कोशिश की मुँह दबा दिया। जोर से चिल्लाने लगी तो भाई लकी वहां आ गया। इस पर आरोपी उसे छोडकर भाग गया। वहीं चंदन नगर में जावेद के खिलाफ एक लडकी ने केस दर्ज कराया है। युवती का आरोप है कि आरोपी आए दिन शराब के नशे में पिडीता का पीछा करता हैं। पिडीता का रास्ता रोककर बोला तुमसे प्यार करता हूं। शादी करना चाहता हूं। पिता वहां पर आए तो आरोपी वहां से भाग गया।

## युवक को रास्ता रोक कर चाकू मारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर**। खुड़ैल में एक युवक को रास्ते में रोक कर उसे चाकू मार दिया। पवन पंवार पिता मांगीलाल (40) निवासी ग्राम अरन्या कुंड की शिकायत पर तूफानसिंह पंवार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी से फरियादी का जमीन का विवाद चल रहा है। इसी को लेकर पहले उसके साथ में गाली-गलौज की। दोस्त शुभम बीच-बचाव करने लगा तो उसके साथ भी मारपीट की।

# प्लॉट के नाम पर ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पुलिस ने ठगी का केस दर्ज किया है। आरोपी ने प्लॉट का सौदा किया और रुपए भी ले लिए, लेकिन बाद में उस जमीन का किसी और से सौदा कर दिया। अब फरियादी से और रुपयों की मांग की जा रही है।**

ज्योति पिता प्रेमचंद निवासी कंचन विहार की शिकायत पर लसूड़िया पुलिस ने शैलेष पिता नंदकिशोर अनमोल निवासी सुपर सिटी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी शैलेष उसकी पत्नी रिया, सहायक शीतल और महक ने उसे सिंगापुर ग्रीन व्यू प्रीमियम का एक प्लॉट का सौदा किया था। इसके बदले में आरोपी को 4 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। उसने आरोपियों को रुपए दे दिए। इसके बाद भी वह उससे रुपयों की मांग करते रहते। वह आरोपी शैलेष के पास गई तो उसने बताया कि जिस प्लॉट का सौदा किया था वह किसी ओर को बिक गया है। वह बिल्डर के रेट बढ़ाने की बात कह रहा था। आरोपी ने उनके साथ में एग्रीमेंट करने के बाद भी प्लॉट किसी और को बेच दिया।

sponcership
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।